(b) if so, the details thereof, including the area, passenger handling capacity, outlay implementation period?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GULAM NABI AZAD): (a) and (b) The Public Investment Board has approved a proposal to construct third module (Phase III) of International terminal building at Bombay Airport, at an estimated outlay of Rs. 84.12 crores. It will have a passenger handling capacity of 25 lakhs per annum. The module will have a total plinth area of 55,000 sq. mtrs. and expected completion period is 36 months from the date of award of the work.

हरियाणा में पर्यटक स्थलों की स्थापना

815. **श्री रामजी लाल** : क्या **नागर विमान और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार हरियाणा में पर्यटक स्थल स्थापित करने के लिए राज्य को कोई अनुदान अथवा वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसका जिलेवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रयोजन के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान और 28 फरवरी, 1993 तक दी गई धन राशि का ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) :(क) जी, हां ।

(ख) और (ग) पर्यटन से संबंधित परियोजनाओं के लिए, राज्य सरकार से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है । ऐसा आवंटन जिला-वार या राज्य वार नहीं किया जाता । पिछले तीन वर्षों और 28 फरवरी, 1993 तक की अवधि के लिए हरियाणा में पर्यटन की परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित राशि स्वीकृत की गई है : —

वर्ष	राशि (रुपए लाखों में)
1989–90	13.50
1990–91	230.46
1991–92	159.01
1992–93	19.00 (28–2–93 तक)

हिमाचल प्रदेश में वायुदूत की उड़ानों से हुई आय

816. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले एक वर्ष के दौरान वायुदूत को दिल्ली-कुल्लू (चंडीगढ़ के रास्ते), दिल्ली-शिमला-कुल्लू और दिल्ली-कांगड़ा (गगल) की उड़ानों से कुल कितनी आय हुई; और

(ख) पर्यटन के मौसम के दौरान संचालित अतिरिक्त उड़ानों से कुल कितनी आय हुई ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) वायुदूत ने इन परिचालनों से 1–1–1992 से 31–12–1992 की अवधि के दौरान 558.21 लाख रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया जिसमें से अप्रैल, 1992 से जून, 1992 के पर्यटक मौसम के दौरान अतिरिक्त उड़ानों से 73.43 लाख रुपए अर्जित किये गये।